- भाजपा की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार ने कार्यवाहक महाधिवक्ता **रोहित देव को महाधिवक्ता पद के लिए चुन लिया** है ।
- नजीब जंग के अचानक पद से इस्तीफा देने के बाद केंद्र सरकार ने **अनिल बैजल** को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया है।
- न्यूयॉर्क पुलिस विभाग समावेश को बढ़ावा देने और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पुलिस बल में शामिल होने को लेकर प्रोत्साहित करने के लिए अपनी वर्दी नीति में ढील देते हुए सिख अधिकारियों को पगड़ी पहनने और दाढ़ी रखने की अनुमति देगा।
- दुनिया की सबसे लंबी बुलेट ट्रेन लाइनों में से एक चीन में आखिरकार शुरू हो गई है। शंघाई से कुनमिंग तक जाने वाली 2,252 किलोमीटर लंबी यह बुलेट ट्रेन लाइन पांच प्रांतों- झेजियांग, जियान्गशी, हुनान, गीझू और यून्नन- से होकर गुजरेगी।
- राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2016 में सरकार ने ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में टाटा मोटर्स के धारवाड़ संयंत्र को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुरस्कार विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रदान किया गया है।
- बिहार कैबिनेट ने बिहार में सभी स्तर की न्यायिक सेवाओं में 50 प्रतिशत पदों को अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित कर दिया।
- चीन ने अपने ही देश में बनाए गए पांचवीं जेनरेशन के स्टेल्थ फाइटर प्लेन एफसी-31 के लेटेस्ट वर्जन का परीक्षण किया है।
- म्यांमार की सरकार एक नया कानून बना रही है जिसके तहत किसी महिला को गर्भवती कर उससे शादी से मना करने पर पुरुषों को सात साल के लिए जेल में बंद किया जाता है।
- दिवंगत जे जयललिता की करीबी सहयोगी वी के शशिकला को अन्नाद्रमुक की महासचिव (महासचिव) के रूप में नियुक्त किया गया है।
- केंद्र सरकार ने विराल आचार्य को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है।
- भारतीय वायु सेना ने अरुणाचल प्रदेश के तूतिंग में अपने एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (ALG) का परिचालन शुरू कर दिया है। तूतिंग ALG चीन के साथ 1962 के युद्ध के बाद से खाली छोड़ दिया गया था।
- पेयजल एवं स्वच्छता और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 29 दिसम्बर 2016 से 'स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र' की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य देशभर में खुले में शौच मुक्त खंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूती प्रदान करना है।
- जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने दूसरे विश्व युद्ध के कई युद्ध स्मारकों का दौरा कर जापानी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। 1941 में पर्ल हार्बर पर जापानी बमबारी के बाद ही अमेरिका ने दूसरे विश्व युद्ध में भाग लिया था।
- पूर्व नम्बर एक टेनिस खिलाडी एना इवानोविच ने संन्यास लेने की घोषणा की है। एना इवानोविच सर्बिया की रहने वाली हैं।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश की पहली फार्मा कंपनी बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि. के साथ ही औषधि क्षेत्र की एक अन्य सार्वजनिक हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लि. की रणनीतिक बिक्री को मंजूरी दे दी है। करीब 12 साल में दूसरी रणनीतिक बिक्री को मंजूरी देते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश की पहली फार्मा कंपनी बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि. (बीसीपीएल) के साथ ही औषधि क्षेत्र की एक अन्य सार्वजनिक हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लि. (एचएएल) की रणनीतिक बिक्री को मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों को चुनिंदा निवेशकों को बेचने से पहले इनकी अधिशेष जमीन बेची जाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि. (आईडीपीएल) तथा राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स (आरडीपीएल) को बंद करने की भी मंजूरी प्रदान की।

- चीन ने उच्च रेजोल्यूशन वाले दो रिमोट सेंसिंग उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है जिनसे वाणिज्यिक तस्वीरें ली जा सकेंगी।
- भारत सरकार ने तिरूपुर रंगाई उद्योग के लिए 200 करोड़ रूपए की मंजूरी दी है। यह उद्योग देश में प्रथम शून्य तरलता निर्वहन (जेडएलडी) में भारी निवेश होने से गंभीर वित्तीय संकट के कारण बंद होने के कगार पर है।
- 28 दिसंबर 2016 को जम्मू कश्मीर में एस पी वैद्य को जम्मू कश्मीर पुलिस का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया। ।
- सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के फ्रेमवर्क समझौते को 28 दिसम्बर 2016 को पूर्व प्रभाव से मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में दुनिया के 121 देश ने पिछले साल 30 नवंबर को पेरिस में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आयोजित 21वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में आईएसए का गठन किया था तथा ।
- राष्ट्रीय चिह्न (अशोक का सिंह स्तंभ) को स्केच करने वाली टीम के सदस्य और भारतीय संविधान की पांडुलिपि के पृष्ठों को डेकोरेट करने वाले नामी चित्रकार दीनानाथ भार्गव का इंदौर में निधन हो गया।
- कॉल ड्रॉप समस्या से निपटने के लिए सरकार ने एक इंटीग्रेटेड वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआरएस) सिस्टम लॉन्च कर दिया है।
- श्रीलंका के दो बार प्रधानमंत्री रहे दिग्गज राजनेता रत्नासिरी विक्रमनायके का बीमारी के बाद निधन हो गया।
- गुजरात सरकार ने जैव प्रौद्योगिकी उत्पादों के निर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में राज्य की स्थापना के लिए अपनी 'जैव प्रौद्योगिकी नीति-2016' की घोषणा की है।
- राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सत्यनारायण को 26वां बिहारी पुरस्कार दिया जायेगा। के के बिरला फाउंडेशन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सत्यनारायण की हिन्दी रिपोर्ताज कृति 'यह एक दुनिया' को साल 2016 के 26वें बिहारी पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के टेस्ट कप्तान विराट कोहली को सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम का कप्तान चुना है।
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के वर्ष 2022 के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए मेघालय की बोली सरकार ने स्वीकार कर ली है।
- ए.यू. वित्तपोषक (इंडिया) लिमिटेड ने 27 दिसम्बर 2016 को कहा कि उसे रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया (आबीआई) से एक लघु वित्त बैंक शुरू करने के लिए अंतिम से लाइसेंस प्राप्त हुआ है, ऐसा करने वाली यह सातवीं इकाई बन गयी है।
- अमेरिका स्थित वैज्ञानिकों ने कागज के एक पत्रक पर एक बैक्टीरिया संचालित बैटरी (जैव बैटरी) का विकास किया है जोकि डिस्पोजेबल इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति देने में सक्षम है। कागज पर आधारित बैक्टीरिया संचालित बैटरी डिजाइन एक नए अनुसंधान का भाग है जिसे पेपरट्रॉनिक्स कहा जाता है जोकि कागज और इलेक्ट्रॉनिक्स का एक संलयन है।
- पहली बार, रिमोट सेंसिंग डेटा का उपयोग कर वर्ष 2000-2015 के बीच भारत के सिंचित क्षेत्रों के हाई रेसोल्यूशन नक्शे बनाये गए हैं। नक्शे भूमि आधारित सर्वेक्षण के आंकड़ों के साथ मिलाये गए।
- मेजबान केरल ने राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में लगातार दसवें वर्ष खिताब जीता है। यह खेल समारोह तिरुवनंतपुरम के एलएनसीपीई वेलोड्रम में संपन्न हुआ। 8 स्वर्ण, 9 रजत और 5 कांस्य जीतने के साथ ही शीर्ष स्थान पाने वाली टीम ने 91 अंक जीते थे।

- अकादमी पुरस्कार विजेता कला निर्देशक स्पेन के गिल पारोंडो का निधन हो गया है। वह 95 साल के थे। उन्हें 'पैटन' और 'निकोलस एंड अलेक्जेंड्रा' के लिए अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पारोंडो ने 23 दिसम्बर को आखिरी सांस ली।
- लेफ्टिनेंट जनरल विनोद वशिष्ठ ने 23 दिसंबर 2016 को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।
- चीन ने प्रदूषण के खतरे से निपटने के लिए 26 दिसम्बर 2016 को पर्यावरण संरक्षण के लिए संसद में कानून पारित कर उद्योगों को खासतौर पर निशाना बनाते हुए हैवी इंडस्ट्रीज पर पर्यावरण कर लगाने का फैसला लिया है।
- क्रांतिकारी **गया प्रसाद कटियार** के नाम पर केंद्र सरकार ने 26 दिसम्बर 2016 को पांच रुपये का डाक टिकट जारी किया।
- बिहार सरकार को केंद्र की ओर से 200 करोड़ रुपये का आवंटन विशेष सहायता मद के तहत किया गया है। यह आवंटन विशेष परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किया गया है। केंद्रीय बजट 2016-17 की विशेष योजना के तहत एनएच का विकास, रेल-सड़क-पुलों का निर्माण, बरौनी और मुजफ्फपुर थर्मल पावर का विकास और गंडक नहर परियोजना का विकास भी शामिल है। केंद्र सरकार ने इसी प्रकार ओड़िशा के लिए भी 363 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया है।
- केन्द्र ने आंध्रप्रदेश में बहुउद्देशीय **पोलावरम सिंचाई परियोजना** के लिए उन्नीस अरब बयासी करोड रूपए की राशि जारी कर दी है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक-नाबार्ड ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत इसे मंजूरी दे दी है।
- अमूल जोकि कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के स्वामित्व वाला एक ब्रांड है, पश्चिम बंगाल में 200 करोड़ रुपये निवेश करेगा। कंपनी द्वारा हावड़ा के सांकराइल फूड पार्क में एक **'केंद्रीकृत दूध प्रसंस्करण संयंत्र'** की स्थापना की जाएगी।
- वैज्ञानिकों ने लगभग 4,000 डिग्री सेल्सियस के तापमान का सामना कर सकने वाले तत्व की पहचान की है। इंपीरियल कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं को पता चला है कि **हेफ़नियम कार्बाइड** का गलनांक अभी तक पाए गए सभी तत्वों से अधिक है।
- 26 दिसम्बर 2016 को भारत की सर्वाधिक लंबी रेंज वाली इंटरकॉन्टीनेंटल मिसाइल **अग्नि-5** मिसाइल का ओडिशा के अब्दुल कलाम आईलैंड से सफल परीक्षण किया गया।
- केन्द्रीय पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 26 दिसम्बर 2016 को कहा कि बंदरगाह आधारित विकास और रोजगार सृजन को गति देने के लिए शुरू की गयी **सागरमाला परियोजना** में करीब 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आईआईटी मुम्बई के मूड इंडिगो फेस्टिवल में **ट्रांसफॉर्म महाराष्ट्र** पहल की शुरुआत की है। इसके तहत वह शासन में युवाओं की भूमिका से जुड़े मुद्दों के बारे में बात करेंगे।
- ओडिशा सरकार ने 22 दिसम्बर 2016 को **बीजू शिशु सुरक्षा योजना** की शुरूआत की है जोकि विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों और अनाथालयों में रहने वाले अनाथ और एचआईवी संक्रमित बच्चों को पोषित करने हेतु शुरू की गयी है।
- ओडिशा सरकार ने आठ सुदूरवर्ती जिलों के आठ हजार गांवों में **मलेरिया उन्मूलन अभियान 'दमन'** शुरू करने का फैसला किया है। बयान में कहा गया है कि यह मलेरिया से मुक्ति के लिए अनोखा अभियान है।

- जाने माने ब्रिटिश पॉप गायक और दो बार ग्रैमी अवार्ड विजेता **जॉर्ज माइकल** का निधन इंग्लैंड में हो गया।
- आंध्र प्रदेश ने अपनी प्रसिद्ध नृत्य शैली **'कुचिपुड़ी'** में फिर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। विजयवाड़ा के आइजीएमसी स्टेडियम में 6,117 डांसरों के समूह ने इस नृत्य शैली में एक साथ प्रस्तुति देकर रिकार्ड अपने नाम किया।
- आईसीआईसीआई बैंक ने कारोबारियों के लिए ऐसा मोबाइल ऐप लॉन्च किया है जो उन्हें सभी तरह के भुगतान की सुविधा देगा। इनमें डिजिटल वॉलेट, यूपीआई, क्यूआर कोड के साथ-साथ डेबिट-क्रेडिट कार्ड से भी पेमेंट की सुविधा देगा। इस ऐप को **इजीपे** नाम दिया गया है।
- **बोटनेट** गड़बड़ी करने वाले सॉफ्टवेयर का एक नेटवर्क है, जो सूचना चुरा सकता है, गैजेट्स को कंट्रोल कर सकता है और साइबर हमले कर सकता है जिससे वेबसाइट का उपयोग नहीं हो पाता है।
- दुनिया की पहली क्लोन बकरी अति सूक्ष्म कश्मीरी ऊन सहित उत्तरी चीन के भीतरी मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में पैदा हुई है।
- मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु में चल रही **शरिया कौंसिलों** पर रोक लगा दी है।
- बंगाल की खाड़ी में 60 हजार वर्ग किलोमीटर तक फैले **'डेड जोन'** का पता चला है।
- हरियाणा सरकार ने ईंधन के लिए कैशलैश पेमेंट के लिए अपने ड्राईवरों को पैट्रो कार्ड जारी किए हैं। इसके लिए दो ऑयल कंपनियों इंडियन ऑयल और भारत पैट्रोलियम को चुना गया है।
- टीम स्पर्धा में तेजस्विनी (625), दीपाली अविनाश देशपांडे (614.3) और श्वेता देवादी (609.5) की महाराष्ट्र की तिकड़ी ने 1848 . 8 अंक के साथ महिला 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा का खिताब जीता।
- भारतीय फुटबाल टीम दो पायदान चढ़कर फीफा विश्व रैंकिंग में 135वें स्थान पर पहुंच गई है ।
- पूरे भारत में 25 दिसम्बर को भारत सरकार द्वारा **सुशासन दिवस** के रुप मनाने की घोषणा की गयी है।
- नागरिक केंद्रित सेवाओं के वितरण में नवाचार पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 21 दिसम्बर 2016 को जयपुर में शुरू हुआ था।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 दिसंबर, 2016 को देहरादून के परेड ग्राउंड में महत्वाकांक्षी **'चारधाम महामार्ग विकास परियोजना'** की आधारशिला रखेंगे।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए U-19 एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को हराकर इस ख़िताब पर अपनी बादशाहत कायम रखी है।
- जापानी अंतरिक्ष एजेंसी ने **एप्सिलॉन – 2** नाम के एक 26 फुट लंबे राकेट के सफलतापूर्वक प्रक्षेपण की घोषणा की, जो एक उपग्रह, जो कक्षा में विकिरण बेल्ट के अध्ययन में सहायता करेगा, ले गया है।
- केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय ने **कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (KRMB)** की सहायता के लिए एक समिति का पुनर्गठन किया है। नई समिति की अध्यक्षता ए के बजाज, पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) करेंगे।
- अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में इजरायल का साथ देने से इनकार कर दिया। ज्ञात हो कि फिलस्तीन के इलाके में इजरायली अवैध बस्तियों के निर्माण को लेकर सुरक्षा परिषद में वोटिंग करायी गयी थी। इस वोटिंग में अमेरिका ने इस प्रस्ताव के संबंध में वीटो इस्तेमाल नहीं करने का फैसला लिया।
- रिजर्व बैंक ने **देहरादून में बैंकिंग लोकपाल** कार्यालय खोला है। इस तरह अब देश में कुल बैंकिंग लोकपाल कार्यालयों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।
- पांच बार शीतकालीन ओलंपिक्स में हिस्सा ले चुके भारत के **शिवा केशवन** ने 23 दिसम्बर 2016 को जापान में एशियन ल्यूज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

• उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 दिसंबर के दिन **राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस** (National Consumer Day) के रूप में मनाया जाता है यह दिन 24 दिसंबर के दिन इस लिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक पारित हुआ था।
• चीन ने 22 दिसम्बर 2016 को वैश्विक कार्बन उत्सर्जन पर निगरानी रखने के लिए **लांग मार्च-2डी रॉकेट** के जरिए एक उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह गोबी रेगिस्तान स्थित जिउकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया गया।
• जापान ने चीन और उत्तर कोरिया के मिसाइल हमलों की आशंका के डर से अपना रक्षा बजट लगातार पांचवें साल बढ़ाया है।
• मोहन बगान और चेन्नयिन एफसी के फॉरवर्ड **जेजे लालपेखलुआ** ने क्लब और देश के फूटबाल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत हासिल किया एआईएफएफ प्लेयर ऑफ़ द ईयर पुरस्कार।
• नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने खुले में कचरा जलाने पर देश भर में रोक लगाने का आदेश दिया है। इसका उल्लंघन करने वालों को पांच हजार से 25 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ेगा।
• जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) ने मुंबई और अहमदाबाद को जोड़ने वाली हाई स्पीड रेल परियोजना के लिए भारत के रेलवे मंत्रालय और नेशनल हाई स्पीड रेल कारपोरेशन लिमिटेड (NHSRC) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
• भारतीय ऑफ स्पिनर **रविचंद्रन अश्विन** ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीत लिया है।
• **संगीता कुमारी** के दो गोल की मदद से भारत ने चौथे महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में 22 दिसंबर 2016 को दक्षिण कोरिया को 3-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।
• यूपी कैबिनेट ने 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने का फैसला किया है। इन जातियों में कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, भीवर, बिंद, भर, राजभर, बाथम, तुरहा, गोंड, मांझी, मछुआरा जातियां शामिल हैं।
• आगामी वर्ष 2017 का सरकारी कैलेंडर 22 दिसम्बर 2016 को लॉन्च हुआ। इस कैलेंडर को सूचना एवं प्रसारण मंत्री एम.वेंकैया नायडू ने प्रेस इन इंडिया में लॉन्च किया। भारत सरकार ने इस कैलेंडर को **'मेरा देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है'** थीम के साथ रिलीज़ किया है।
• आयुष राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (एनईआईएएच) का **शिलांग, मेघालय** में उद्घाटन किया।
• प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर के दिन भारत के महान गणितज्ञ **श्रीनिवास अयंगर रामानुजन** के जन्म दिवस को पूरे देश में राष्ट्रीय गणित दिवस (National Mathematics Day) के रूप में मनाया जाता है।
• **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** ने डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2016 के वेब रत्न वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इन पुरस्कारों का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने किया था।
• डोमेस्टिक कोल के इस्तेमाल को बेहतर बनाने के लिए कोल मित्र वेब पोर्टल लॉन्च किया गया।
• अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आर्कटिक और अटलांटिक में तेल और गैस खनन के नए पट्टों पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है।
• गुजरात सरकार ने 21 दिसम्बर 2016 को अपनी **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तथा रक्षा नीति** (एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी)की घोषणा की ।
• फॉर्ब्स मैगजीन द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी। भारत को यह उपलब्धि 150 साल में पहली बार प्राप्त हुई है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में ब्रिटेन भी अब भारत से पीछे है। भारत अमेरिका, चीन, जापान व जर्मनी के बाद पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी बन गया है।

- ओडिसा में चांदीपुर के एकीकृत मिसाइल टेस्ट रेंज से भारत ने 21 दिसम्बर 2016 को परमाणु वहन क्षमता से युक्त लंबी दूरी वाली क्रूज मिसाइल **निर्भय** का प्रक्षेपण किया। परमाणु वहन की क्षमता से युक्त यह मिसाइल सात सौ किलोमीटर से भी ज्यादा की दूरी पर निशाना बना सकती है और रडॉर के जरिये इसे पकड़ पाना मुश्किल होगा।
- भारतीय पर्यटकों को झटका देते हुए चीन के विशेष प्रशासकीय क्षेत्र, हांगकांग ने भारतीयों के लिए वीजा मुक्त प्रवेश की सुविधा को वापस ले लिया है और अब उन्हें जनवरी से आगमन पूर्व पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करना होगा।
- ओडिशा राज्य विधिक सेवा को विभिन्न विभागों में कानूनी अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए ओडिशा कैबिनेट ने एक अलग कैडर के निर्माण के लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- ब्रिटेन और अर्जेंटीना ने फ़ॉकलैंड द्वीप पर दफन 123 अर्जेंटीना के सैनिकों की पहचान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 1982 के संघर्ष में मारे गए सैनिकों के अवशेष से डीएनए नमूने लेने के लिए एक समझौते पर बातचीत कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में भारत की 20 दिसम्बर 2016 को मुकम्मिल वापसी हो गई, जब एआइबीए ने नवगठित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआइ) को सर्वसम्मति से पूर्ण सदस्यता दे दी।

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 20 दिसम्बर 2016 को घोषणा की कि अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया जाएगा।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने असम में ब्रम्हापुत्र नदी के साथ स्थित विश्व विरासत **द्वीप माजुली** के संरक्षण और विकास के लिए 207 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की घोषणा की है।
- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर)** को पोस्को ई-बॉक्स के लिए स्काच सिल्वर और स्काच आर्डर ऑफ मैरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- लैंडिंग के दौरान विमानों से घरों पर गिरने वाले मानव अपशिष्ट पर रोक लगाने के मकसद से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 20 दिसम्बर 2016 को महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर कहा कि जिस एयरलाइन के विमान का टॉयलेट टैंक हवा में खाली होगा, उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।
- गांवों के विद्युतीकरण के बाद हर घर बिजली पहुँचाने के सपने को साकार करने के लिए ऊर्जा मंत्रालय ने 20 दिसम्बर 2016 को **गर्व 2** मोबाइल एप्प लांच की।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 19 दिसम्बर 2016 को कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज को घटाकर 8.65 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। छत्तीसगढ़ में देश के पहले कैशलेस बाजार का लोकार्पण मुख्यमंत्री रमन सिंह ने किया। रायपुर के जयस्तंभ चौक स्थित रविभवन 'स्मार्ट बाजार-स्मार्ट रायपुर' का लोकार्पण 19 दिसम्बर 2016 को मुख्यमंत्री रमन सिंह ने किया।
- पर्टो रिको की 19 वर्षीय **स्टेफनी डेल वेले** को अमेरिका के मेरीलैंड में हुए एक कार्यक्रम में मिस वर्ल्ड 2016 का ताज पहनाया गया। प्रतियोगिता में मिस डोमिनिकन रिपब्लिक यारित्ज़ा मिगुएलीना पहली रनर अप रहीं जबकि इंडोनेशिया की नताशा मैनुएला दूसरी रनर अप रहीं।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने सीनियर सिटीजन के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय अखबार **'सांझी सांझ'** का पहला अंक जारी किया।
- **बैंक ऑफ बड़ौदा** पहली भारतीय कंपनी है जो फीफा अंडर -17 विश्व कप भारत 2017 से पहले राष्ट्रीय समर्थक के रूप में जुडी है, पहली बार कोई फीफा कार्यक्रम उपमहाद्वीप में आयोजित किया जा रहा है।

- तुर्की में रूस के राजदूत आंद्रेई कालरेव की राजधानी अंकारा में हुए एक बंदूक हमले में गोली लगने के बाद मौत हो गयी।
- केंद्र ने सभी **अंतरराज्यीय नदी जल विवादों** के निपटारे के लिए सभी न्यायाधिकरणों को मिलाकर एक स्थायी न्यायाधिकरण गठित करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य तेज रफ्तार से राज्यों के बीच होने वाले विवादों का निपटारा करना है।
- वित्त और कारपोरेट मामलों के मंत्री, अरुण जेटली और संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने संयुक्त रूप से एसबीआई और बीएसएनएल के एक उत्पाद के रूप में, स्टेट बैंक के **मोबीकैश मोबाइल वॉलेट** लांच किया।
- युवकों को अधिक रोजगार पाने योग्य एवं स्वनिर्भर बनने के लिए उन्हें अधिकार संपन्न बनाने के द्वारा भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने के अपने विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री ने 18 दिसम्बर 2016 को उत्तर प्रदेश के **कानपुर में** देश के अब तक पहले **'भारतीय कौशल संस्थान'** की आधारशिला रखी। इस संस्थान की संकल्पना नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन की यात्रा के दौरान की गई थी।
- नासा ने सफलतापूर्वक तूफान की भविष्यवाणी में सुधार करने के लिए अंतरिक्ष में **सायक्लोन ग्लोबल नेवीगेशन सेटेलाइट सिस्टम (CYGNSS)** के भाग के रूप में आठ मिनी उपग्रहों के समूह को प्रक्षेपित किया है।
- **एटलेटिको डी कोलकाता** ने बेहद रोमांचक उतार चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में मेजबान केरल ब्लास्टर्स को पेनल्टी शूटआउट में 18 दिसम्बर 2016 को 4-3 से शूट कर दूसरी बार हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है।
- लखनऊ में 18 दिसम्बर 2016 को बेल्जियम को हराकर भारत ने 2-1 से हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप जीता।
- 28,279 मेगावाट की संचयी स्थापित पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता के साथ भारत, दुनिया में चीन, अमरीका और जर्मनी के बाद चौथा सबसे बड़ा पवन ऊर्जा उत्पादक देश बनकर उभरा है।
- झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी **राजीव जैन** को खुफिया ब्यूरो (आईबी) के नए प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया।
- **अनिल धस्माना** बाह्य खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख होंगे।
- आर्मी स्टाफ के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल **बिपिन रावत** आर्मी स्टाफ के नए प्रमुख बनेंगे,जबकि एयर मार्शल **बी एस धनोआ**, एयर स्टाफ के अगले चीफ होंगे।
- ब्राजील की सीनेट ने अपनी आर्थिक हालत को बेहतर करने के उद्देश्य से अगले 20 साल के सरकारी खर्च को फ्रीज करने की मंजूरी दी है।
- **यूरोपीय संघ ने माली सरकार** के साथ, उसके प्रवासियों को वापस भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यूरोप में शरण लेने के लिए ये प्रवासी यूरोपीय तटों पर पहुंच गए थे लेकिन उन्हें वहां शरण देने से मना कर दिया गया है।
- नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ नर्मदा नदी के उद्गमस्थल अमरकंटक, मध्य प्रदेश से **'नमामि देवी नर्मदे'** सेवा यात्रा शुरू हो गई।
- पर्यटन विभाग, मिजोरम सरकार द्वारा आयोजित **थाल फावांग कुत** त्यौहार उत्साह और जोश के साथ मिजोरम राज्य की राजधानी आइजोल में शुरू किया गया है। यह फसल कटाई के बाद का त्योहार है, जो धान की कटाई के बाद मनाया जाता है।
- जम्मू-कश्मीर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) जांस्कर के सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए निमो-पदुम-दारचा सड़क पर विजयक परियोजना चला रहा है।

- अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेप्सीको की अध्यक्ष इंद्रा नूई को राष्ट्रपति के स्ट्रेटेजिक एंड पॉलिसी फोरम में सदस्य नियुक्त किया।
- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित वर्ष 2016 की आईसीसी महिला टीम में भारतीय महिला बल्लेबाज स्मृति मंधना ने स्थान प्राप्त किया है, इस वर्ष की महिला टीम की कप्तान के रूप में, वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को चुना गया है।
- अपनी पीढ़ी के सबसे प्रसिद्ध जॉकी में से एक और शर्गर घोड़े के घुड़सवार, **वाल्टर स्विनबर्न (Walter Swinburn)** का 12 दिसम्बर 2016 को एक लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
- हरियाणा सरकार दृश्य विकलांगता के साथ महिलाओं को "मुख्य अतिथि" के रूप में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अगले साल राष्ट्रीय ध्वज फहरा जाने का फैसला किया है।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश **गिरीश चंद्र गुप्ता** राज्य मानवाधिकार आयोग के अगले अध्यक्ष होंगे।
- चीन ने अपने पहले पूर्ण स्वामित्व वाले सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन को उत्तरी ध्रुव के पास स्थापित किया है जोकि बीजिंग को दुनिया में सबसे तेज गति से डाटा एकत्र करने के लिए सक्षम करेगा। यह सुविधा, आर्कटिक सर्कल के लगभग 200 किलोमीटर उत्तर में स्थित स्वीडन देश में स्थित होगी।
- पीयूष गोयल और अमेरिका के राजदूत रिचर्ड वर्मा ने भारत-अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा वित्त (USICEF) पहल के लिए संयुक्त पहल शुरू की है। जोकि ओपीआईसी वित्तपोषण का ताला खोलने में मदद करेगी तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए सार्वजनिक और निजी पूंजी जुटाने में मदद करेगी।
- एलसीयू एमके IV परियोजना के अंतिम जल-थल पोत का आज गार्डनरीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड कोलकाता में शुभारंभ किया गया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 0-12 महीने की उम्र समूह के बच्चों के बीच टीकाकरण की दरों में वृद्धि करने के लिए **'हरियाणा टीकाकरण प्रोत्साहन और सूचना कार्यक्रम'** की शुरुआत की।
- विद्युत राज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा की क्षमता में वृद्धि के एकीकरण की सुविधा के लिए इंट्रा-राज्य और अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली सहित एक व्यापक योजना की **'हरित ऊर्जा कॉरिडोर'** के एक भाग के रूप में पहचान की गई है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोर्ब्स की सूची में दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली लोगों में शुमार किया गया है। पीएम मोदी को इस सूची में नौंवा स्थान हासिल हुआ है। फोर्ब्स की इस सूची में टॉप पर रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन हैं और दूसरे नंबर पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को जगह मिली है।
- ब्रिटेन के प्रजनन नियामक प्राधिकरण ने ऐतिहासिक फैसले में एक विवादित तकनीक को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद अगले वर्ष से देश में 'तीन माता-पिता' वाले बच्चे पैदा हो सकेंगे। प्रजनन नियामक **'ह्यूमन फर्टिलाइजेशन ऐंड एम्ब्रायोलॉजी अथॉरिटी' (HFEA)** ने तीन लोगों के आईवीएफ को मंजूरी दे दी है।
- बिहार की राह पर चलते हुए गुजरात सरकार ने भी अब अपने यहां शराब पीने, बेचने और खरीदने पर 10 साल की सजा का प्रावधान किया है। इसके साथ ही सरकार ने शराब की खरीद-बिक्री पर 5 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान किया है।
- **पंजाब सरकार** ने बीपीएल परिवारों को मुफ्त रसोई गैंस कनेक्शन देने का निर्णय लिया है।
- भारत और आसियान ने 2020 तक **सौ अरब डॉलर** का व्यापार करने का लक्ष्य रखा है। इस समय आसियान और भारत के बीच 57 अरब डॉलर का व्यापार हो रहा है।
- पाकिस्तान ने स्वदेश में निर्मित एक क्रूज मिसाइल के परिष्कृत संस्करण का 14 दिसम्बर 2016 को सफल परीक्षण किया। 700 किलोमीटर तक की दूरी की मारक क्षमता वाली इस क्रूज मिसाइल की पहुंच में कई भारतीय शहर आते हैं।

- चीन ने नयी पीढ़ी का अपना पहला मौसम उपग्रह **Fengyun-4** प्रक्षेपित किया है। उपग्रह की नई तकनीक से सर्दियों के मौसम के लिए कम समय में मौसम के पूर्वानुमान सटीकता में सुधार होगा।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पतंग उड़ाने के लिए कांच कोट वाले मांझा के इस्तेमाल पर देश भर में 14 दिसम्बर 2016 को अंतरिम प्रतिबंध लगा दिया।
- विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को दुनिया के चुनिंदा **'ग्लोबल थिंकर्स'** की लिस्ट में जगह मिली है। 'फॉरेन पॉलिसी' मैगजीन ने सुषमा स्वराज को साल 2016 के लिए 15 लोगों की सूची में जगह दी है।
- नासा ने **'रिस्टोर-एल स्पेसक्राफ्ट बस'** नामक एक नए प्रकार के अंतरिक्ष यान को शामिल किया है जो पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उपग्रहों के परिक्रमा करते हुए उनमें ईंधन भरने और उनकी मरम्मत करने में सक्षम होगा।
- समावेशी, सुरक्षित, लचीले एवं टिकाऊ शहरों के निर्माण के जरिये न्यायसंगत शहरी विकास के सपने को साकार करने हेतु अगले 20 वर्षों के लिए क्रियान्वयन योजना विकसित करने पर विशेष जोर देते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 68 देशों ने 14 दिसम्बर 2016 को नई दिल्ली में अपने तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।
- हरियाणा में 14 दिसम्बर 2016 को महिला पुलिस स्वयंसेवी पहल की शुरुआत की गयी।
- अभ्यास **ईकुवेरिन** का सातवां संस्करण 15 से 28 दिसम्बर, 2016 तक मालदीव के लामु एटौल के कधढू में आयोजित किया जायेगा। यह अभ्यास **भारतीय सेना एवं मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल** के बीच 14 दिवसीय प्लाटून स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास है जिसका आयोजन वार्षिक आधार पर किया जाता है।
- उत्तर प्रदेश में वाराणसी का **मिसिरपुर** पहला कैशलेस गांव बना है। इसकी पहल बैंक ऑफ बड़ौदा ने की।
- 'वाघा बॉर्डर' जैसे टूरिस्ट हब की एक नई तस्वीर अब गुजरात में देखने को मिल सकती है। पंजाब स्थित लोकप्रिय पर्यटक स्थल 'वाघा बॉर्डर' की तर्ज पर गुजरात में भारत-पाकिस्तान सीमा पर भव्य गेट बनाकर इसे टूरिस्ट स्पॉट की शक्ल दी जाएगी।
- भारत 'ए' ने रूस के सोचि में विश्व स्कूली टीम शतरंज चैंपियनशिप में **रजत पदक** जीतने में सफलता हासिल की है।
- व्यापार एवं शुल्क के सामान्य समझौते (गैट) के अस्तित्व में आने के बाद से वैश्विक निर्यात में चीन का हिस्सा 2015 तक बढ़कर 14.2 प्रतिशत हो गया जबकि अमेरिका की भागीदारी घटकर 9.2 प्रतिशत रह गई। उल्लेखनीय है कि गैट 1948 में अस्तित्व में आया और इससे ही जनवरी 1995 में विश्व व्यापार संगठन :डब्ल्यूटीओ: की नींव पड़ी।
- विश्व बैंक ने एक अहम घटनाक्रम के तहत सिंधु जल संधि के तहत भारत और पाकिस्तान द्वारा शुरू की गई विभिन्न प्रक्रियाओं पर विराम लगा दिया है ताकि दोनों देश अपने मतभेदों को सुलझाने के वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर सकें।
- देश में बिजली खपत कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना के अंतर्गत एलईडी बल्बों का वितरण करने वाली कंपनी ईईएसएल ने बताया है कि इस मामले में गुजरात सबसे आगे रहा। **गुजरात में 12 दिसंबर तक 2.70 करोड़ एलईडी बल्बों का वितरण किया।** 2 करोड़ बल्बों का वितरण कर महाराष्ट्र इस मामले में दूसरे पायदान पर रहा।
- भारत और रूस की नौसेना 14 दिसम्बर 2016 से बंगाल की खाड़ी में अपना आठ दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू करेगी। इसका लक्ष्य दोनों देशों के बीच अंतर-संचालनात्मकता को बढ़ाना है। वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास **'इंद्र नेवी'** का नवां संस्करण 14 दिसंबर से लेकर 21 दिसंबर तक चलेगा।

- विश्व बैंक देश के एमएसएमई उद्योगों को कुशल ऊर्जा साधन अपनाने में मदद करने के लिए अतिरिक्त 5.19 मिलियन अमरीकी डॉलर का अनुदान प्रदान करेगा। यह अनुदान विश्व बैंक की शाखा इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
- जीव वैज्ञानिकों का कहना है कि थलीय पशुओं में सबसे लंबे जानवर **जिराफ** पर अब विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। जिराफ को विलुप्तप्राय प्रजातियों की सूची में डाला गया है।
- फेडरेशन आफ मोटर स्पोर्टस क्लब आफ इंडिया (एफएमएससीआई) ने पूर्व रेसर अकबर इब्राहिम को 12 दिसम्बर 2016 को अपना अध्यक्ष और जे पृथ्वीराज को उपाध्यक्ष चुन लिया।
- पानी पर चलने वाली भारत की पहली बस का शुभारंभ 12 दिसम्बर 2016 को हो गया। करीब साढ़े चार करोड़ की लागत इस बस में एक बार में 32 सैलानी, चालक व एक कमांडर के बैठने की व्यवस्था है। **पंजाब** सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।
- 12 दिसम्बर 2016 को केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने दक्षिण एशिया में समकालीन कला के सबसे बड़ा समारोह द्विवार्षिक **कोच्चि-मुजिरिस** के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया है।
- यूरोपीय संघ और क्यूबा ने दिवंगत फिदेल कास्त्रो के शासन में हुए मानव अधिकारों के हनन पर वर्षों तक चिंता जताने के बाद 12 दिसम्बर 2016 को आपसी संबंधों को सामान्य करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने चौथी बार **'बैलन डी ओर'** का खिताब अपने नाम किया। 31 वर्षीय पुर्तगाली खिलाड़ी ने हालिया महीनों में रियल मैड्रिड के साथ चैम्पियंस लीग और पुर्तगाल के साथ यूरोपीयन चैंपियनशिप जीती।
- **बान की मून** का स्थान लेने वाले नए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने वैश्विक संकटों से निबटने के लिए इस 71 वर्षीय वैश्विक निकाय की क्षमता सुधारने के वास्ते उसमें सुधार करने, उसे विकेंद्रीकृत करने एवं लचीला बनाने का निश्चय किया।
- **भारत के पंकज आडवाणी ने सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट** को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में (150 अप फार्मेट) का खिताब हासिल किया।
- **डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ एंटी डंपिंग ड्यूटी एंड अलाइड ड्यूटीज (डीजीएडी)** ने चीन से आयात होने वाले स्टील ट्यूब और पाइप पर निश्चित एंटी डंपिंग शुल्क लगाने की सिफारिश की है। इससे पूर्व मई में, सरकार ने 6 महीनों के लिए चीन से इंपोर्ट होने वाले सीमलैस ट्यूब, स्टील पाइप पर प्रोविजनल एंटी डंपिंग ड्यूटी लगा दी थी।
- कोलकाता को जल्द ही देश का सबसे बड़े इनडोर खेल का मैदान मिल सकता है जिसमें 15,400 लोगों तक बैठने की क्षमता होगी।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपने 81वें जन्मदिवस पर बाल श्रम, बच्चों को गुलामी और बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्होंने दि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित **"100 मिलियन के लिए 100 मिलियन अभियान"** शुरू किया।
- न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाल चुके **बिल इंग्लिश** देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। वह जॉन की जगह पदभार संभालेंगे। वहीं न्यूजीलैंड की नई उप प्रधानमंत्री पाउला बेनेट होंगी।
- **पाओलो जेंटिलोनी** इटली के नए प्रधानमंत्री होंगे।
- भारत ने वानखेड़े स्टेडियम, मुम्बई में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के आखिरी और पांचवें दिन 12 दिसम्बर 2016 को इग्लैंड को पारी और 36 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त ले ली है। यह भारत की लगातार पांचवीं श्रृंखला जीत है।
- 11 दिसम्बर 2016 को **"माउंटेन कल्चर: सेलेब्रटिंग डाइवर्सिटी एंड स्ट्रेंथेनिंग आइडेंटिटी"** की थीम के साथ ही पूरे विश्व में **अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस** मनाया गया। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय माउंटेन दिवस

पहाड़ों में सतत् विकास को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2003 में 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा स्थापित किया गया था।

- ब्रिक्स के सदस्य देशों अर्थात ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के राजस्व प्रमुखों ने सहयोग के सम्भावित क्षेत्रों पर विचार-विमर्श करने के लिए 5 एवं 6 दिसम्बर, 2016 को मुम्बई में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में राजस्व प्रमुखों ने खुलेपन, एकजुटता, समानता, आपसी समझ, समग्रता एवं पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के प्रति अपनी मौजूदा कटिबद्धता पर आधारित राय एवं विचारों का आदान-प्रदान किया।
- पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और केरल पुलिस संयुक्त रूप से 8 व 9 दिसंबर को कोवलम, **तिरुवनंतपुरम में 45वीं अखिल भारतीय विज्ञान कांग्रेस** का आयोजन कर रहे हैं।
- **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन** ने पश्चिमी तट पर $30 बिलियन की लागत से भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी स्थापित करने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किये हैं।
- 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन अगेंस्ट करप्शन के पारित होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस प्रतिवर्ष 9 दिसंबर को मनाया जाता है। वर्ष 2016 का विषय **"यूनाइटेड अगेंस्ट करप्शन"** है।
- रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर और अमेरिका के निवर्तमान रक्षा मंत्री एश्टन कार्टर ने भारत को **'बड़े रक्षा साझेदार'** मनोनीत करने हेतु समझौता किया। इस समझौता से उच्च स्तरीय अमेरिकी रक्षा प्रौद्योगिकी को साझा करने और त्वरित सहयोग में मदद मिले सकेगी।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने एक समारोह में 9 दिसम्बर 2016 को मास्टर शिल्पकारों के लिए वर्ष 2015 के **शिल्प गुरू पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान** किये। शिल्प गुरू पुरस्कार विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के द्वारा 15 नवम्बर 2002 को भारत में हस्तशिल्प के पुनरुत्थान की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए शुरू किये गए थे। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) 1965 से ही मास्टर शिल्पकारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की एक योजना लागू कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य हस्तशिल्प क्षेत्र में उत्कृष्ट शिल्पकारों को मान्यता देना है।
- उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) में शामिल होने वाले राज्यों में **हिमाचल 18वां राज्य** बन गया है। इस योजना में शामिल होते ही हिमाचल को 823 करोड़ रुपये का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश में नए साल में बिजली की दरों में कमी हो सकती है।
- उत्तराखंड में अब शराब और तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने **उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग और चमोली** जिलों में शराब बंदी का आदेश दिया।
- गूगल की पैरेंट कंपनी **अल्फाबेट (Alphabet)** को फार्च्यून पत्रिका द्वारा अपने वार्षिक ब्ल्यू रिबन रैंकिंग में कंपनी ऑफ़ दि ईयर का तमगा दिया गया है।
- पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी **माइकल जॉर्डन** को, $1.7 बिलियन की आय के साथ, फोर्ब्स द्वारा सर्वकालिक सबसे ज्यादा भुगतान किया जाने वाला एथलीट बताया गया है।
- भारत में अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2016 तक 300 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जिससे पता चलता है कि भारत वैश्विक आर्थिक संकट के बीच सुरक्षित निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। इसमें से करीब 33 प्रतिशत एफडीआई भारत में मॉरीशस के रास्ते आया है। इसके पीछे अहम कारण भारत का मॉरीशस के साथ दोहरा कराधान बचाव करार होने का फायदा उठाना हो सकता है।
- **खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ)** ने खाने-पीने का सामान पैक करने, लपेटने या परोसने के लिए अखबार अथवा किसी भी रीसाइकिल कागज और कार्ड बोर्ड के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

- 08 दिसम्बर 2016 को केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने तिरुवनंतपुरम में **हरित केरल (Haritha Keralam)** मिशन शुरू किया।
- व्यापार में सुगमता यानी ईज आफ डूइंग बिजनेस के बारे में भारत-ब्रिटेन सम्मेलन का उद्घाटन 9 दिसम्बर 2016 को नई दिल्ली में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग नीति एवं संवर्धन विभाग के सचिव रमेश अभिषेक और ब्रिटिश हाई कमिश्नर सर डोमिनिक अस्क्वीथ ने संयुक्त रूप से किया।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति ममनून हुसैन ने जस्टिस साकिब निसार को देश का अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है।
- डिजिटल भुगतान से जुड़े खाके की समीक्षा के लिए **रतन पी वाटल** की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई।
- भारत और प्रभावशाली पूर्वी एशियाई देश वियतनाम ने 9 दिसम्बर 2016 को असैन्य परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया
- सुप्रीम कोर्ट ने सिनेमा घरों में शो शुरू होने के पहले राष्ट्रगान के दौरान उन लोगों को खड़े न होने की छूट दे दी है, जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं।
- गुर्जर आरक्षण पर राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने गुर्जरों समेत पांच जातियों को दिया गया विशेष पिछड़ा वर्ग में आरक्षण रद्द कर दिया।
- नासा के पूर्व एस्ट्रोनॉट और ऑहियो से डेमोक्रेटिक अमेरिकी सीनेटर, जॉन ग्लेन (John Glenn) का 95 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया है।
- हेलेन मार्टिन ने इस साल का टर्नर पुरस्कार जीता है।
- पूर्व सैनिकों तक पहुंच बनाने और उन्हें कई तरह की सुविधाएं देने के लिए सेना ने **'वेटरंस आउटरीच एप'** नाम से एक मोबाइल एप लॉन्च किया है।
- अमरीका के नव-निर्वाचित राष्ट्र पति डॉनल्ड ट्रंप को टाइम पत्रिका ने वर्ष 2016 के लिए पर्सन ऑफ द इयर चुना है।
- **केंद्रीय वित्त और कंपनी मामलों के मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोटेक 2016 पुरस्कार नई दिल्ली में प्रदान किये।**
- 7 दिसम्बर 2016 को वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सांसद चो रामास्वामी का चेन्नई स्थित अपोलो अस्पताल में निधन हो गया।
- ओडिशा सरकार ने राज्य भर के 107 ब्लॉकों की एक हजार बैंक रहित ग्राम पंचायतों में एक हजार बैंकिंग संवाददाताओं की नियुक्त करने का फैसला किया है। बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में विमुद्रीकरण के कारण लोगों को हो रही परेशानियों से बचाने के लिए बैंक ओडिशा आजीविका मिशन (OLM) के माध्यम से बैंकिंग संवाददाताओं की नियुक्त करेंगे।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने लोगों के बीच डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए **एपी पर्स** मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया है।
- **जस्टिस जगदीश सिंह खेहर** भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे। अगले साल 4 जनवरी 2017 को भारत के राष्ट्रपति उन्हें सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाएंगे। वर्तमान सीजेआई जस्टिस टीएस ठाकुर 3 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस खेहर भारत के 44वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह 4 जनवरी 2017 से 4 अगस्त 2017 तक सीजेआई के पद पर रहेंगे।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) ने 5 दिसम्बर 2016 को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (SGNP) के आसपास के 4 किलोमीटर के क्षेत्र को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) घोषित कर दिया है। शहर की सीमा के भीतर स्थित जंगल के आसपास के क्षेत्र को इको-सेंसिटिव जोन घोषित करने के पीछे यह उद्देश्य है कि राष्ट्रीय पार्क के संरक्षण के लिए एक बफर क्षेत्र बनाया जा सके।

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर उर्जित पटेल ने 7 दिसम्बर 2016 को मौद्रिक समीक्षा पेश की। रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर को 6.25% पर अपरिवर्तित रखा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में सभी 6 सदस्यों ने दरों में यथास्थिति बनाये रखने के पक्ष में मत दिया। नोटबंदी के बाद यह RBI की यह पहली मौद्रिक समीक्षा है। नोटबंदी से प्रभावित माहौल में केन्द्रीय बैंक ने हालांकि चालू वित्त वर्ष के लिये आर्थिक वृद्धि का अनुमान पहले के 7.6% से घटाकर 7.1% कर दिया। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई दर के 5% रहने का अनुमान लगाया है।
- देश में 4जी और 3जी की पहुंच बढ़ने के साथ इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या 2020 तक 60 करोड़ पर पहुंच जाएगी। फिलहाल इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या 34.3 करोड़ है।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी **बीएस भुल्लर को 5 दिसम्बर 2016 को नागर विमानन महानिदेशक (डीजीसीए)** नियुक्त किया गया है।
- **सातवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी)** कोलकाता स्थित साइंस सिटी में 02-04 दिसम्बर, 2016 को आयोजित की गयी। इस मेगा कार्यक्रम का आयोजन विश्व आयुर्वेद फाउंडेशन द्वारा आयुष मंत्रालय और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।
- आदिवासी मामलों के केंद्रीय मंत्री जोएल ओराम ने स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए **"स्तनपान सुरक्षा"** मोबाइल ऐप जारी किया।
- ई-कॉमर्स दिग्गज अमेज़न ने अपने वैश्विक स्टार्टअप प्रोग्राम **'लांचपैड'** को भारत में शुरू किया। इस ऑनलाइन पोर्टल की विशेषता, इस पर विभिन्न स्टार्टअप्स के 400 उत्पादों का मौजूद होना है जिसमें 25 भारतीय स्टार्टअप भी हैं।
- **ओ पनीरसेल्वम** जे जयललिता के निधन के बाद तमिलनाडु के 19 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- बजट एयरलाइंस एयरएशिया इंडिया ने 5 दिसम्बर 2016 को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी **अमर अबरोल** को प्रबंध निदेशक बनाने की घोषणा की।
- **विश्व मिट्टी दिवस प्रतिवर्ष 5 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस वर्ष (2016) इसकी थीम "मिट्टी और दालें, जीवन के लिए एक सहजीवन" है।** वर्ष 2016 WSD का थीम मिट्टी के गुण में दालों के सकारात्मक योगदान पर केंद्रित है, ऐसे वातावरण में नाइट्रोजन फिक्सिंग के रूप में हैं और इसकी जैव विविधता, उर्वरता और संरचना में सुधार के रूप में है।
- **संयुक्त राष्ट्र ने 5 दिसंबर 2016 को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस मनाया। इसका थीम थी: ग्लोबल अप्पलौस- गीभ वालंटियर्स ए हैंड (Global Applause– give volunteers a hand).**
- यस बैंक ने डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक देहरादून के साथ मिलकर **सिमसेपे प्लेटफार्म** लॉन्च किया है। इसमें इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत नहीं होगी बल्कि यह एसएमएस पर आधारित होगा।
- भारतीय गॉल्फर **मुकेश कुमार** ने दिल्ली के मौसम से प्रभावित पैनासॉनिक ओपन को जीतकर एशियाई टूर खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज गॉल्फर बन गये।
- केंद्रीय श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे में लाने के इरादे से कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने मासिक वेतन सीमा बढ़ाकर 21,000 रुपये कर दी है।
- नीति आयोग देश में डिजिटल पेमेंट के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए हर जिले को पांच लाख रुपये तक की मदद करेगा। इसके अलावा डिजिटल पेमेंट के बारे में लोगों को जागरुक करने वाले देश के सर्वश्रेष्ठ दस जिलों और 50 पंचायतों को सम्मानित भी करेगा। साथ ही आम लोगों को डिजिटल पेमेंट की तकनीक सिखाने वाले आईएएस अधिकारियों को सरकार 10 रुपए का इंसेटिव भी दगी।
- पाकिस्तान को 17 रन से हराकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है।

- कूड़ा प्रबंधन मामले में कोलकाता समेत दुनिया के 10 शहरों को 2016 के लिए 'बेस्ट सिटी' का सम्मान मिला है। कोलकाता को **'सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट'** ने यह सम्मान दिलाया है।
- नीदरलैंड्स की संसद ने एक नया कानून बनाया है जिसके मुताबिक सरकारी इमारतों और सार्वजिक परिवहन में बुर्का पहनने की अनुमति नहीं होगी।
- पूर्व भारतीय फुटबालर और कोच **सैयद अब्दुस सलाम** का सलारजंग कालोनी स्थित निवास में निधन हो गया। उन्हें 1956 मेलबर्न ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार दिया गया था।
- भारत के वैज्ञानिकों का कहना है कि शुद्ध बिस्मथ जोकि एक सेमीमेटल है, एक निश्चित मात्रा में प्रति इलेक्ट्रॉनों की एक बहुत कम संख्या या वाहक एकाग्रता के साथ अत्यधिक कम तापमान पर एक सुपरकंडक्टर की तरह व्यवहार करता है। यह अवलोकन बिस्मथ को अब तक के दो सबसे कम घनत्व वाले वाहक सुपरकंडक्टर में से एक बनाता है।
- रूस के वैज्ञानिकों ने बिजली का उपयोग करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले परमाणु ईंधन के उत्पादन के लिए एक नया अनूठा, कम लागत वाला तरीका विकसित किया है। यह एक ऐसा नया तरीका है जोकि **पाउडर धातु** का आधार बनाता है और इसमें दवाब में इलेक्ट्रिक पल्स सिंटरिंग शामिल हैं।
- विश्व के दिग्गज धावक **उसेन बोल्ट** ने छठी बार अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ (आईएएएफ) के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरस्कार को जीता है।
- मशहूर शायर और पूर्व राज्यसभा सदस्य पद्मश्री बेकल उत्साही का 3 दिसम्बर 2016 को निधन हो गया।
- विभिन्न कार्यक्षेत्र से संबंध रखने वाली महिलाओं ने एकजुट होकर समाज में एकता का संदेश देने के लिए एक राजनीतिक पार्टी का गठन किया है। **ऑल इंडिया वूमन युनाइटेड पार्टी (एआइडब्ल्यूयूपी)** का गठन महिलाओं की राजनीतिक, कानूनी और सामाजिक अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए किया गया है।
- **चित्रा रामकृष्ण** ने नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है।
- मिस्र के शीर्ष संवैधानिक न्यायालय ने प्रभावी ढंग से विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने वाले कानून को 03 दिसम्बर 2016 को सही ठहराया है। यह कानून वर्ष 2013 में मुस्लिम ब्रदरहुड के नेता मुहम्मद मोर्सी की बहाली के लिए पारित किया गया था जिन्हें सैन्य तख्तापलट का सामना करना पड़ा था।
- जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने 01 दिसम्बर 2016 को बेंगलुरु, कर्नाटक में अपना सबसे बड़ा ग्लोबल डिजिटल हब खोलने की घोषणा की।
- भारत तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाला देश बना हुआ है। मुख्य रूप से कृषि उत्पादन बेहतर रहने से सितंबर तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत रही।
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ व हरियाणा राज्यों के प्रभारी **डॉ. अनिल कुमार जैन** को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्काउट और गाइड संगठन भारत स्काउट और गाइड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- ओलंपिक रजत पदक विजेता **पी वी सिंधु** दो पायदान उपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग पर पहुंच गई।
- अफ्रीकी देश गाम्बिया में 22 साल तक राष्ट्रपति रहे याह्या जमेह को चुनाव में चौंकाने वाली हार मिली है। गाम्बिया में बैलट पेपर से नहीं बल्कि कंचों से वोटिंग होती है, जिसमें लोगों ने जमेह की जगह पेशे से प्रॉपर्टी डेवेलपर **एडेमा बैरो को अगले राष्ट्रपति के रूप** में पसंद किया।
- गुजरात कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी **राकेश अस्थाना नए सीबीआई डायरेक्टर** बने हैं।
- पंजाब के अमृतसर में 03 दिसम्बर 2016 से दो दिवसीय **'हार्ट ऑफ एशिया'** सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। वित्त मंत्री अरूण जेटली इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे है। इसमें चीन, अमेरिका, रूस, ईरान और पाकिस्तान सहित 30 से अधिक देश भाग ले रहे हैं।

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली में प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में **आगरा और इटावा के मध्य, भारत के पहले और एशिया के सबसे लम्बे साइकिल राजमार्ग (bicycle highway) का उद्घाटन किया।**